FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना नसीरपुर दिनाँक 19/20-07-2026 जनपद फिरोजाबाद।

## श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा नकबजनी की घटना कारित करने वाले 05 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से अभियुक्त तेज सिंह हुआ घायल**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती। अभियुक्तों के कब्जे से 01 करधनी सफेद धातु, 03 जोडी पायल जिसमे एक जोडी भारी व 02 जोडी हल्की, बच्चों के दो खडुआ सफेद धातु, 02 तमंचा 315 बोर। 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर व दीवार तोडने के उपकरण, लोहे के तीन छोटे सब्बल, चाबी का गुच्छा व एक बडी रिंच बरामद।**

**घटना का विवरण-** दिनांक 12.07.2026 को वादी भंवर सिंह पुत्र जसराम निवासी ग्राम रहल द्वारा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 11/12-07-2026 की रात्रि मे अज्ञात चोर द्वारा वादी के मकान की 4 इंची की ईट की दीवार को तोडकर घर में रखे बक्से व अलमारी का ताला तोडकर सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये थे। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना नसीरपुर पर मु0अ0सं0 161/2026 धारा 305(A)/331(4) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना नसीरपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं 161/2026 के सफल अनावरण एवं घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना नसीरपुर पर विशेष टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा घटना का सफल अनावरण कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों का गहनता से परीक्षण किया जा रहा था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रपडी के जंगल मे कुछ बदमाश चोरी की योजना बना रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम रपडी के जंगल मे पहुँचे और बदमाशो की घेरा बन्दी करते हुए आत्मसमर्पण को कहा। तो एक बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान मे मारने की नियत से फायर कर दिया। जिसमे पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा मे फायर किया जिसमें एक बदमाश के पैर मे गोली लग गयी, जिससे बदमाश घायल हो गया जिसकी पहचान तेज सिंह के रुप में हुई। तथा दूसरे बदमाश ने भी पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया जोकि मिस हो गया। पुलिस पार्टी ने तत्परता दिखाते हुए अन्य चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया तथा घायल बदमाश के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर, 03 खोका व 01 जिंदा कारतूस बरादमद हुआ तथा रहल गाँव में की गई चोरी की करधनी बरामद हुई। तथा दुसरे बदमाश

नैमिचंद के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा रहल गाँव की चोरी की तोडिया बरामद हुई। अन्य गिरफ्तार अभियुक्तगणों राधेश्याम, सियाराम व सुरेश से भी ग्राम रहल मे चोरी की गयी पाजेब व खडुआ बरामद हुए ।घायल अभियुक्त तेज सिंह को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु सीएचसी शिकोहाबाद में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-**

1- तेज सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम पारौली थाना फतेहाबाद जनपद आगरा।
2-नैमीचन्द पुत्र छोटेलाल निवासी धारापुरा थाना फतेहाबाद जनपद आगरा।
3-सुरेशचन्द्र पुत्र सेवाराम निवासी साहिदपुर थाना फतेहाबाद जनपद आगरा।
4-सियाराम पुत्र कैदार सिंह निवासी बिप्रावली भावनाथ की ठार थाना पिनाहट जनपद आगरा।
5-राधेश्याम पुत्र कैदार सिंह निवासी बिप्रावली भावनाथ की ठार थाना पिनाहट जनपद आगरा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त तेज सिंह उपरोक्त-**

1. मु0अ0सं0 161/2026 धारा 305(A)/331(4)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 259/20 धारा 380/411 भादवि थाना फतेहाबाद जनपद आगरा।
3. मु0अ0सं0 268/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फतेहाबाद जनपद आगरा।
4. मु0अ0सं0 684/22 धारा 380/411 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 784/22 धारा 380/411 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 785/22 धारा 380/411 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त नैमीचन्द उपरोक्त--**

1. मु0अ0सं0 161/2026 धारा 305(A)/331(4)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 83/11 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना डौकी जनपद आगरा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सुरेशचन्द्र उपरोक्त- -**

1. मु0अ0सं0 161/2026 धारा 305(A)/331(4)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2.मु0अ0सं0 422/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना डोकी जनपद आगरा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सियाराम उपरोक्त--**

1. मु0अ0सं0 161/2026 धारा 305(A)/331(4)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त राधेश्याम उपरोक्त- -**

1. मु0अ0सं0 161/2026 धारा 305(A)/331(4)/317(2) बी0एन0एस0 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2.मु0अ0सं0 29/14 धारा 401 भादवि थाना फतेहाबाद जनपद आगरा।

**अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण-**

1. 01 करधनी सफेद धातु , 03 जोडी पायल जिसमे एक भारी व 02 हल्की , बच्चो के दो खडुआ सफेद धातु,
2. 02 तमंचा 315 बोर।
3. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. 03 खोखा कारतूस 315 बोर।
5. दीवार तोडने के उपकरण , लोहे के तीन छोटे सब्बल , चाबी का गुच्छा व एक बडी रिंच।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1.प्र0नि0 श्री जसबीर सिंह थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री सतेन्द्र कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री अतुल शर्मा  थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद
4. उ0नि0 श्री अजय कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 श्री बृजेन्द्र सिंह थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. का 1011 मनोज कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 1542 अर्चित तोमर थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 361 अरुण कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
9. हे0का0 रघु सर्वेलांश टीम जनपद फिरोजाबाद।
10. रि0का0 1122 आर्यन थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
11. रि0का0 1139 विकास प्रिया अशोक थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
12. रि0का0 463 संदीप यादव थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
13. चालक का0 अमोल कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
14. रि0का0 989 ओमप्रकाश थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
15. रि0का0 1897 अंकुश थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
16. रि0का0 1865 निशान्त कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
17. चालक हे0का0 679 एस कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।